आरडीसीआईएस सेल का आईआईएम रांची ने किया समझौता

रांची | आरडीसीआईएस सेल और आईआईएम रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। यह एमओयू वस्तु इस्पात बनाने की सिंटरिंग प्रक्रिया में बेस मिक्स तैयार करने और प्रक्रिया के गुणवत्ता उत्कृष्टता में सहयोगात्मक कार्य के लिए है। समझौता के तहत एक डेटा एनालिटिक्स मॉडल संयुक्त रूप से विकसित किया जाएगा, जिसका सिंटर गुणवत्ता के मानक विचलन को कम करने के उद्देश्य से बेस मिक्स और लौह अयस्क सिंटरिंग प्रक्रिया के अनुकूलन के लिए लागू किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप अंततः कोक दर, लागत तथा ग्रीन हॉउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर आईआईएम रांची की ओर से प्रोफेसर एस बेरा तथा आरडीसीआईएस की ओर से एस गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक (आयरन) ने किया।

Dainik Bhaskar, 14.01.2023, Pg. 06